**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 04.07.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला,दैनिक जागरण,हिंदुस्तान,आज,जनसन्देश टाइम्स, परफेक्ट मिशन," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**


## अमर उजाला –दि0 04.07.2026

# आनंद काशी योजना में अगस्त से शुरू हो जाएगा पंजीकरण

**माई सिटी रिपोर्टर**

**वाराणसी।** वीडीए के वीसी पूर्ण बोरा ने शुक्रवार को कल्लीपुर स्थित निर्माणाधीन आनंद काशी योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा उच्च गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया अगस्त से शुरू किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही दिसंबर तक आधारभूत अवसंरचना के प्रमुख विकास कार्य पूरे करने की योजना है।

वीसी पूर्ण बोरा ने कहा कि पूरी कॉलोनी को परिधि दीवार से सुरक्षित किया जाएगा और नियंत्रित प्रवेश एवं निकास व्यवस्था विकसित की जाएगी। परियोजना में 24 मीटर, 18 मीटर, 12 मीटर एवं 9 मीटर चौड़ी सड़कों का सुव्यवस्थित नेटवर्क विकसित किया जा




**आनंद काशी योजना का मॉडल। वीडीए**

रहा है। जलापूर्ति, सीवरेज, विद्युत, वर्षा जल निकासी, हरित क्षेत्र तथा अन्य सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निविदा और निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। योजना को वास्तु सिद्धांतों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।

परियोजना में न्यूनतम 15 प्रतिशत क्षेत्रफल को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 9 हेक्टेयर होगा।


## दैनिक जागरण –दि0 04.07.2026

# आनंद काशी में लकी ड्रा से मिलेगा प्लाट

## अगस्त माह में होगा आनलाइन पंजीयन, सितंबर में प्रपत्रों की जांच, धरातल पर आने लगी योजना

जागरण संवाददाता, वाराणसी : शहर के सुनियोजित विस्तार की दिशा में वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) की महत्वाकांक्षी योजना आनंद काशी अब धरातल पर तेजी से आगे बढ़ रही है। कल्लीपुर स्थित आनंद काशी योजना में आवासीय प्लाटों के आवंटन लिए अगस्त माह से पंजीयन प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली गई है। विकास प्राधिकरण औपचारिकताएं पूरी करने में जुटा है। अगस्त माह में आनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के साथ सितंबर में प्रपत्रों की जांच की जाएगी। फाइनल सूची जारी करने के साथ खुले मंच पर लकी ड्रा के जरिए प्लाटों का आवंटन होगा।

- वीडीए उपाध्यक्ष ने निरीक्षण कर देखी प्रगति, गुणवत्ता को लेकर कार्यदायी संस्था को चेताया
- पहले चरण में दो हजार प्लाटों का होगा आवंटन, 100 से 300 वर्ग मीटर होगा क्षेत्रफल



वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा को योजना के बारे मे बताते अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा ● स्रोत: वीडीए

आनंद काशी योजना में तेजी लाने के लिए शुक्रवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा स्थलीय निरीक्षण करने निकले। सड़क, सीवरलाइन, पेयजल आदि कार्यों का एक-एककर निरीक्षण करने के साथ अधीनस्थों को तेजी से काम करने का निर्देश दिया। मौके पर कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता में लापरवाही नहीं बरतने को कहा। जांच में गुणवत्ता में कमी मिलने पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। मौके पर अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा से योजना की प्रगति के बारे में पूछा। योजना में 100, 128 से 300 वर्गमीटर क्षेत्र के प्लाट होंगे। उपाध्यक्ष ने बताया कि पहले चरण में दो हजार आवासीय प्लाटों के लिए पंजीयन होगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह आनलाइन होगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और अधिक से अधिक लोग आसानी से आवेदन कर सकें। पंजीयन के बाद लकी ड्रा के जरिए प्लाटों का आवंटन किया जाएगा। आवंटन प्रक्रिया कैसे होगी, इसे प्राधिकरण आनलाइन जारी करेगा।

### सुविधाओं पर रहेगा जोर

आनंद काशी में लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिले, इसको लेकर प्राधिकरण का ज्यादा जोर है। चौड़ी सड़कें, हरियाली, पार्क, सामुदायिक केंद्र, पेयजल, सीवर, बिजली, स्ट्रीट लाइट, वर्षा जल संचयन समेत अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए व्यावसायिक, संस्थागत और सार्वजनिक उपयोग के लिए जमीन आरक्षित की गई है।

## हिन्दुस्तान –दि0 04.07.2026

# अगले माह से आनंद काशी टाउनशिप को पंजीकरण

वाराणसी, प्रमुख संवाददाता। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने शुक्रवार को कल्लीपुर स्थित निर्माणाधीन आनंद काशी टाउनशिप के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता मानकों के शत प्रतिशत पालन का निर्देश दिया। वीडीए प्रशासन ने योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया अगले माह से शुरू करने का लक्ष्य रखा है। दिसंबर तक संस्था को बुनियादी संरचनाओं को तैयार करने को कहा गया है।

परियोजना में 24 मीटर, 18 मीटर, 12 मीटर एवं 9 मीटर चौड़ी सड़कों का नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। पेयजल, सीवेज, बिजली, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, ग्रीन बेल्ट एरिया समेत अन्य सुविधाओं के विकास का कार्य चल रहा है। आनंद काशी योजना को वास्तु सिद्धांतों के अनुसार विकसित किया जा रहा है। इसमें न्यूनतम 15 प्रतिशत क्षेत्रफल को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। कुल क्षेत्रफल लगभग 9 हेक्टेयर होगा। पहले चरण में लगभग 150 एकड़ में विकास कार्य होंगे। 2000 से अधिक आवासीय प्लॉट विकसित किए जाएंगे। 24 मीटर चौड़ी मुख्य सड़क के किनारे वाणिज्यिक प्लॉट विकसित किए जाएंगे। ग्रुप हाउसिंग, होटल, अस्पताल एवं विद्यालयों के लिए भी जमीन चिह्नित की गई है। योजना में 128 वर्गमीटर से 300 वर्गमीटर तक के विभिन्न आकार मेंप्लॉट काटे जाएंगे। उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने कहा कि वीडीए का उद्देश्य विभिन्न आय वर्गों के लोगों को उचित एवं किफायती दरों पर प्लॉट उपलब्ध कराना है।

**150 एकड़ में पहले चरण में कराए जाएंगे काम**

- वीडीए उपाध्यक्ष कल्लीपुर में कार्यों का जायजा लिया
- गुणवत्ता के मानकों के पालन का दिया निर्देश

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


हिन्दुस्तान –दि0 04.07.2026

# विकास प्राधिकरण ने सात अवैध भवन ध्वस्त कराए




- जुमा की नमाज बाद कार्रवाई, रास्ते बंद रहे
- अब तक 152 भवन किए जा चुके हैं ध्वस्त

**वाराणसी, कार्यालय संवाददाता।** दालमंडी मार्ग चौड़ा करने के लिए शुक्रवार दोपहर जुमे की नमाज के बाद वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) ने सात अवैध भवन ध्वस्त कर दिए। इन भवनों के स्वामियों को गुरुवार को मकान खाली करने का नोटिस दिया गया था। ध्वस्तीकरण में मशीनों संग लगभग 200 मजदूर भी लगाए गए।

वीडीए के अफसरों के मुताबिक सीके 40/74-75, सीके 69/04, सीके 40/73, सीके 43/148, सीके 42/105, सी 1/20 और सीके 67/31 भवनों को गिराया गया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम सदर नितिन सिंह, वीडीए, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों समेत पुलिस, पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात रहे। पूरी कार्रवाई की ड्रोन से निगरानी की गई। बता दें कि दालमंडी मार्ग का लगभग 221 करोड़ से चौड़ीकरण होना है। यहां 650 मीटर चौड़ी सड़क को 17.4 मीटर चौड़ा किया जाना है। इसके दायरे में 184 भवन आ रहे हैं। दालमंडी में अब तक 152 से ज्यादा भवन ध्वस्त किए जा चुके हैं। इनमें पीडब्ल्यूडी द्वारा रजिस्ट्री कराए गए, नगर निगम से जर्जर और वीडीए से अवैध भवन शामिल हैं।

आज –दि0 04.07.2026

## विप्रा उपाध्यक्ष ने कल्लीपुर निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण

**२००० से अधिक आवासीय भूखंड होंगे विकसित, अगले माह से रजिस्ट्रेशन होगा शुरू**

विप्रा उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने शुक्रवार को कल्लीपुर में आनंद काशी योजना का निरीक्षण किया और परियोजना की प्रगति पर समीक्षा भी की। आनंद काशी योजना के तहत विकास प्राधिकरण ३० वर्षों के उपरान्त विकसित की जा रही प्रथम समेकित गेटेड सिटी परियोजना बना रही है। योजना में काशी की संस्कृति, वैदिक विरासत की अवधारणापर विकसित किया जा रहा है। परियोजना में २४ मीटर, १८ मीटर, १२ मीटर, और नौ मीटर की चौड़ी सड़कें विकसित की जायेंगी। जिसमें जलापूर्ति, सीवरेज,विद्युत, वर्षा जल निकासी, हरित क्षेत्र बनाया जायेगा। आवश्यकताके आधारभूत सुविधाओंके लिए इसका निर्माण किया जा रहा है। इसमें वास्तु सिद्धांत भी अपनाया गया है। इसके अन्तर्गत १५



प्रतिशत क्षेत्र फल हरित होगा जो कि नौ हेक्टेयर में बनेगा। प्रथम चरण में १५० एकड़ क्षेत्रफलका कार्य प्रस्तावित है जबकि २००० से अधिक आवासीय भूखंड विकसित किये जायेंगे। चौबीस मीटर सड़क के किनारे वाणिज्य भूखंड विकसित होंगे। जो भविष्य में क्षेत्रके आर्थिक विकास विकसित करने का केन्द्र बनेगा। इसके अतिरिक्त ग्रुफ हाउसिंग, होटल, अस्पताल और विद्यालयों के लिए भूखंड चिन्हित किये गये हैं। योजना की अधिकांश भूमि अधिग्रहण भूमि पोलिंग एवं प्रत्यक्ष क्रय के माध्यम से किया जा चुका है और परियोजना का रेरा में पंजीकरण भी कराया गया। लगभग १२८ वर्ग मीटरसे ३०० वर्ग मीटर तक आवासीय भूखंड प्रस्तावित हैं। उपाध्यक्ष ने बताया कि विभिन्न आय वर्गोंके नागरिकोंको उचित एवं किफायती दरों पर भूखंड उपलब्ध कराना है। सभी वर्गोंके लिए गुणवत्ता पूर्ण आवासीय वातावरण का लाभ मिलेगा। योजनाके लिए पंजीकरण प्रक्रिया अगस्त माह से शुरू की जायेगी और दिसम्बर माह तक आधारभूत संरचना के प्रमुख विकास कार्योंको पूर्ण करने की योजना है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण परियोजना का विकास काशी की संस्कृति पहचान एवं थीम के अनुरूप दिया गया है। निरीक्षण कार्य में अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, अभियंत्रण दल आवाप्ती दलके कर्मचारी एवं योजना से जुड़े निजी कंपनी शामिल थे। उपाध्यक्ष ने संबंधित निजी कंपनी और कार्यदायी संस्थाको सख्त हिदायत दी कि निर्धारित समय पर गुणवत्तायुक्त विकास कार्य किया जाय।

## जनसंदेश टाइम्स –दि0 04.07.2026

# आनंद काशी योजना के निर्माण कार्यों का वीडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने शुक्रवार को कल्लीपुर स्थित निमार्णाधीन आनंद काशी योजना का स्थलीय निरीक्षण किया,वहीं परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और उच्च गुणवत्ता मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


परियोजना में 24 मीटर,18 मीटर,12 मीटर और 9 मीटर चौड़ी सड़कों का सुव्यवस्थित नेटवर्क बनाया जाएंगा। जहां जलापूर्ति, सीवरेज, विद्युत, वर्षा जल निकासी, हरित क्षेत्र और अन्य सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु निविदा और निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। योजना को वास्तु सिद्धांतों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। परियोजना में न्यूनतम 15 प्रतिशत क्षेत्रफल को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 9 हेक्टेयर होगा। प्रथम चरण में लगभग 150 एकड़ क्षेत्रफल में विकास कार्य प्रस्तावित हैं। जहां 2,000 से अधिक आवासीय भूखण्ड तो 24 मीटर चौड़ी मुख्य सड़क के किनारे वाणिज्यिक भूखण्ड विकसित किया जाएंगा। इस दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि आनंद काशी योजना वाराणसी के नियोजित और शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो भविष्य में क्षेत्र के लिए एक आदर्श, आत्मनिर्भर व विश्वस्तरीय आवासीय नगर के रूप में स्थापित होगी। इस अवसर पर वीडीए उपाध्यक्ष के साथ अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, अभियंत्रण दल तथा अवाप्ति दल के अधिकारी उपस्थित थे।

## परफेक्ट मिशन –दि0 04.07.2026

# कल्लीपुर में हाईटेक आनंद काशी योजना का वीडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

### बुकिंग के लिए अगस्त 2026 से आम जनता कर सकती है आवेदन

**परफेक्ट मिशन**



**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने शुक्रवार को कल्लीपुर में बन रही आनंद काशी योजना का मौका मुआयना किया। उन्होंने काम की रफ्तार देखने के साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क, बिजली, पानी जैसे सभी काम तय समय पर और पूरी मजबूती के साथ पूरे किए जाएं। इस दौरान उनके साथ वीडीए के अपर सचिव गुडाकेश शर्मा और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि आनंद काशी योजना– वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 30 साल बाद बनाई जा रही पहली ऐसी कॉलोनी (गेटेड टाउनशिप) है, जो पूरी तरह सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। इसे काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक थीम पर तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूरी कॉलोनी के चारों तरफ एक मजबूत बाउंड्री वॉल होगी। अंदर आने और बाहर जाने के लिए मुख्य गेट होंगे, जिससे सुरक्षा पुख्ता रहेगी। कॉलोनी के अंदर 24 मीटर से लेकर 9 मीटर तक की चौड़ी और सुंदर सड़कें बनाई जा रही हैं। पानी की सप्लाई, सीवर, बिजली, और बारिश के पानी के निकास का काम तेजी से चल रहा है। पूरी योजना में लगभग 15% हिस्सा सिर्फ पेड़–पौधों और पार्कों (हरित क्षेत्र) के लिए सुरक्षित रखा गया है।

यहाँ सिर्फ मकान ही नहीं, बल्कि स्कूल, अस्पताल, होटल और दुकानों के लिए भी अलग से जगह तय की गई है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में क़रीब 150 एकड़ जमीन पर 2,000 से ज्यादा आवासीय प्लॉट (प्लॉट) काटे जा रहे हैं। यहाँ छोटे से लेकर बड़े बजट तक के प्लॉट उपलब्ध होंगे (128 वर्गमीटर से 300 वर्गमीटर तक)। वीडीए का लक्ष्य है कि अगस्त 2026 से इसके लिए आम जनता से आवेदन (रजिस्ट्रेशन) लेना शुरू कर दिया जाए। दिसंबर 2026 तक यहाँ बुनियादी सुविधाओं का मुख्य काम पूरा करने का लक्ष्य है।

उपाध्यक्ष ने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य है कि समाज के हर वर्ग को सही और किफायती दाम पर एक बेहतरीन और आधुनिक माहौल में रहने के लिए जमीन मिल सके।